5th class Hindi Bodh Ch. 5 Ques.Ans

मौखिक

1) प्रश्नों के उत्तर बताओ –

क) लोग कहाँ जाने की तैयारी कर रहे थे ?

उत्तर- लोग ईदगाह जाने की तैयारी कर रहे थे ।

ख) अमीना अपनी कोठरी में बैठी क्यों रो रही थी ?

उत्तर- ईद के दिन घर में खाने के लिये कुछ भी नहीं था इसलिए अमीना अपने बेटे आबिद को याद करके रो रही थी।

ग) अपने दोस्तों को खिलौने खरीदते देख हामिद ने अपने दिल को क्या समझाया ?

उत्तर- अपने दोस्तों को खिलौने खरीदते देखकर हामिद ने अपने दिल को समझाया कि खिलौना हाथ से छूट कर गिर गया तो चूर चूर हो जाएगा और थोड़ा सा पानी पड़ गया तो इसका रंग धूल जाएगा ऐसे खिलौने को लेकर वह क्या करेगा ।

घ) चिमटे की कीमत सुनकर हामिद का दिल क्यों बैठ गया ?

उत्तर- चिमटे की कीमत सुनकर हामिद का दिल इसलिए बैठ गया क्योंकि उसके पास केवल तीन पैसे थे और चिमटे की कीमत छह पैसे थी मैं अब वह चिमटा नहीं खरीद पाएगा ।